Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80090/26-2021/ दिनांकः–

प्रेषक,

उपमहाप्रबंधक (मु0)
BMSICL, पटना।

सेवा में,

M/s Rajendra Prasad Poddar,
Mangal Market (Tirupati Market)
Katihar, Pin-854105

विषयः– सारण विधान सभा क्षेत्र 120, 121 एवं 122 (i) अमनौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (ii) परसा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (iii) सारण जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– उपमहाप्रबंधक (परि0) का पत्रांक 206 दिनांक 20.07.2023, पत्रांक 322 दिनांक 08.12.2023 प्रबंधक (परि0) का पत्रांक शून्य दिनांक 03.10.2023 एवं पत्रांक शून्य दिनांक 04.12.2023

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि **सारण विधान सभा क्षेत्र 120, 121 एवं 122 (i) अमनौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (ii) परसा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाँच हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (iii) सारण जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण** हेतु आपको इस निगम के पत्रांक BMSIC/80090/26-2021/8951 दिनांक–17.02.2022 के द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया था। कार्यादेश के अनुसार कार्य अवधि 15 माह अर्थात् दिनांक 16.05.2023 तक पूर्ण करना था, परंतु 22 माह से अधिक व्यतीत हो जाने के बावजूद भी आपके द्वारा अभी तक कोई भी योजना पूर्ण कर हस्तगत नहीं कराया गया है जो घोर लापरवाही एवं अनियमितता का द्योतक है। उपमहाप्रबंधक (परि0), सारण द्वारा पत्रांक 322 दिनांक 08.12.2023 द्वारा बताया गया है कि संवेदक को बार–बार कार्य में अपेक्षित प्रगति लाते हुए कार्य पूर्ण करने का निदेश मौखिक एवं प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से दिया गया है, परन्तु कार्य समाप्ति की तिथि बीत जाने के बावजूद भी कार्य समाप्त नहीं हुआ है। कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है। उक्त के आलोक में संवेदक को Debar करने की अनुशंसा की गई है। विदित हो, कि यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी योजना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की सुसंगत कंडिका में वर्णित प्रावधानों के तहत् कार्य में अनियमतिता बरतने के कारण आपको (M/s Rajendra Prasad Poddar, Mangal Market (Tirupati Market) Katihar, Pin-854105) इस कार्य को पूर्ण करने तक किसी भी अगली निविदा में भाग लेने से वंचित **(Debar)** किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–

उपमहाप्रबंधक (मु0)

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,
Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.
Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSIC/80090/26-2021/ दिनांकः–

प्रतिलिपिः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80090/26-2021/ दिनांकः–

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80090/26-2021/ दिनांकः–

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण विभाग निगम लि0, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक(मु0)

ज्ञापांकः– BMSICL/80090/26-2021/ दिनांकः–

प्रतिलिपिः– सभी महाप्रबंधक BMSICL एवं सभी उपमहाप्रबंधक, BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80090/26-2021/ दिनांकः–

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक महोदय, BMSICL पटना को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80090/26-2021/8904 दिनांकः– 24-01-2024

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम) BMSICL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में BMSICL के पत्र को बेवसाईट पर प्रकाशित किया जाए।

23/01/24
उपमहाप्रबंधक (मु0)